
हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026



### जांच दल सीईओ को कल सौंपेगा प्रतिवेदन

# मुड़पार पंचायत में 4 लाख की हेराफेरी, जांच करने पहुंची टीम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला**

पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़पार (संडी) में जांच के दौरान पंचायत आय में 4 लाख 72 हजार रुपये के गबन का मामला सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ कि कॉम्प्लेक्स किराया एवं बाजार नीलामी से प्राप्त राशि पंचायत खाते में जमा नहीं की गई। वहीं कॉम्प्लेक्स की दुकानों से वसूली गई किराया राशि तथा वर्ष 2025-26 की बाजार नीलामी से प्राप्त आय को न तो पंचायत खाते में जमा किया गया और न ही इसका आय-व्यय ग्राम सभा में प्रस्तुत किया गया। जांच में इसे शासकीय राशि का दुरुपयोग मानते हुए गंभीर अनियमितता बतायी गई है।

उल्लेखनीय हैं कि ग्राम पंचायत की वर्तमान सरपंच टामिन साहू पर कॉम्प्लेक्स किराया एवं बाजार नीलामी की राशि पंचायत खाते में जमा न कर निजी उपयोग करने का आरोप लगाया गया था। वहीं आवेदनकर्ता ओंकार कुर्रे एवं महेंद्र चेरियन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा को सौंपे गए ▶▶ शेष पेज 13 पर

**जांच चल रही है**

हमारी टीम जांच करने गयी थी, मामले की जांच चल रही है। अभी मेरे पास प्रतिवेदन रिपोर्ट नहीं आयी है। मामले की रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-पन्ना लाल धुर्वे,** सीईओ, जनपद पलारी

**गड़बड़ी पायी गई**

पंचायत में भारी राशि की गड़बड़ी पाई गई है, जिसका सोमवार को प्रतिवेदन बनाकर सीईओ को सौंपेंगे।

**-मनहरण वर्मा,** जांच दल के करारोपण अधिकारी

## तीन दिवसीय रामायण समारोह 23 से

**भाटापारा।** इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में किंकर रामायण मंडली द्वारा तीन दिवसीय रामायण का आयोजन किया जा रहा है जो 23 जनवरी से दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर 26 जनवरी को शाम हवन पूजन पश्चात समापन होगा। यह रामायण 24 घंटा अखंड निरंतर जारी रहेगी। इस बीच आसपास से रामायण में भाग लेने वाले भजन मंडली के लिए विशेष रहने खाने की व्यवस्था की जाती है। 25 जनवरी शाम 7 बजे दीपदान और थाली सजाओ रंगोली बनाओ प्रतियोगिता जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे। आयोजक राजाराम यादव, चैतराम जायसवाल, दुखित जायसवाल ने लोगों से रामायण समारोह में शामिल होने अपील की है।

## पति की प्रताड़ना से पत्नी ने लगाई फासी आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

पत्नी को आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा पत्नी को शराब पीने के लिए पैसा मांगते हुए गाली गलौज एवं लगातार लड़ाई झगड़ा किया जाता था। पति द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने से क्षुब्ध होकर मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मृतिका के परिजनों, पड़ोसियों से विस्तृत पूछताछ एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार मृतिका धनेश्वरी पति 31 वर्षीय दीपक ध्रुव 28 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली की जांच तस्दीक पर यह ज्ञात हुआ की मृतिका शादी होकर आरोपी दीपक ध्रुव के घर ग्राम बिटकुली आई थी। शादी के बाद आरोपी दीपक ध्रुव द्वारा लगातार शराब पीने के लिए ▶▶ शेष पेज 13 पर






## खबर संक्षेप



### शिक्षक को मिला गौरव अलंकरण पुरस्कार

**महासमुंद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए शिक्षक श्रीधर राव शासकीय प्राथमिक शाला सोरमसिंघी संकुल केंद्र सोरम सिंघी को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सेवाकाल 1998 से आजपर्यंत तक वे शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उनके लंबे कार्यकाल में बच्चों की उपलब्धि व उनके स्कूलों से नवोदय में चयनित विद्यार्थियों का चयन हुआ। यह गौरव की बात है कि आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी लगातार सेवा भाव से उनको यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शिक्षक राव के सम्मानित होने पर संकुल सोरमसिंघी के शिक्षकों, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं ग्रामीण जनों में हर्ष व्याप्त है। संकुल प्राचार्य रामूदास निराला, संकुल समन्वयक पीतांबर राव पाठक, तुलसीराम नेताम, रूपसिंह दीवान, लोकेश्वर मोगरे, दौलत राम निषाद, हरिहर सिंह साहू, देवनाथ पटेल, पंकजनी सिंह आदि ने हर्ष जताया है।



### टामकी, बंधुआ व नवा तालाब की सफाई आज

**महासमुंद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद तथा हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज 18 जनवरी सुबह 7 से 10 बजे तक स्थानीय टामकी, बंधुआ एवं नवा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत तालाब फैले गंदगी, प्लास्टिक प्रबंधन एवं अन्य अनुपयोग कचरों का निपटान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में शहर समस्त पर्यावरणीय प्रेमियों, सामाजिक संस्थाओं, जागरूक नागरिकों से उपस्थिति की अपील आयोजकों द्वारा की गई। उक्त जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. एचबी कालीकोटी एवं हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

**आयोजन : ग्राम खट्टा में भक्त गुहा जयंती में शामिल हुए नपाध्यक्ष**

# भगवान श्रीराम के परम मित्र थे भक्त गुहा निषाद राज : निखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खट्टा (पटेवा) में आयोजित

- **पटेवा क्षेत्र के ग्राम खट्टा में मनाई गई गुहा निषाद राज की जयंती**



भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। साहू ने भक्त निषाद राज व भगवान राम चंद्र की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि भक्त निषाद राज ने भगवान को गंगा पार कराया था। वे श्रीराम के प्रिय मित्र थे। भगवान राम ने उन्हें गले से लगाकर मित्रता का वचन दिया था। ऐसे महान राम भक्त की जयंती पर आज शामिल होने का सौभाग्य मुझे मिला इसके लिए मैं आप सबका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने समाज के लोगों को भक्त निषाद राज जयंती की बधाई देते हुए भगवान राम के जयकारे लगाए। जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जगोवती निषाद, लक्ष्मीलाल निषाद, देव कुमार निषाद, गणेश निषाद, सेवक निषाद, नरोत्तम निषाद, देवराज निषाद, जोहन निषाद, सुरेश निषाद, मोहन निषाद, जयपाल निषाद, पवन निषाद, संतोष निषाद, संतराम निषाद सहित बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षादूत से प्रधान पाठक गफ्फार हुए सम्मानित

**भंवरपुर।** जिले के बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर संकुल केंद्र जमदरहा के प्रधान पाठक गफ्फार खान को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवम अनुकरणीय कार्य करने के कारण मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि चंद्रहास चंद्राकर (बीज निगम अध्यक्ष महासमुंद), इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी (मुख्य आयुक्त राज्य स्काउट गाइड ), अपर कलेक्टर रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, डाइट प्राचार्य अरुण कुमार प्रधान, सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, एपीसी विद्या साहू आदि उपस्थित थे। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने अपने इस सम्मान को अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित किया है। प्रधान पाठक गफ्फार खान को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षादूत से सम्मानित होने पर बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, जमदरहा संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे, जमदरहा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, बड़ेटेमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार, गिधली संकुल समन्वयक गजेन्द्र नायक, बसना संकुल समन्वयक अध्यक्ष त्रिकांत बाघ, सीएस पटेल (प्राचार्य भूकेल), दुरुगपाली टुकड़ा, सहायक शिक्षक मथामनी साहू, बसना विकासखंड के शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति ललितपुर और समस्त शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

### बिंद्रावन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथावाचक पंडित हेमप्रकाश शर्मा उखरा वाले ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष की कथा की वर्णन किया। जिसमें राजा परीक्षित को ऋषि पुत्र का शाप था। वे सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु हुई। शुकदेव महाराज ने उन्हें सात दिनों तक कथा सुनाई, जिससे उन्हें आत्मज्ञान हुआ। इसके दूसरे दिन गीता हवन, कपिला तर्पण एवं बरात भागवत पोथी पुराण की शोभायात्रा निकली। हर घर के आंगन में रंगोली सजाकर ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में डेमो दिवस व आइडिया शोकेस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग द्वारा आईआईसी के तहत डेमो दिवस/ आइडिया शोकेस का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन, आईआईसी प्रेसीडेंट डॉ रीता पांडे के निर्देशानुसार एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की संयोजक डॉक्टर मालती तिवारी के मुख्य आतिथ्य में 17 जनवरी 2026 को किया गया। जिसमें बीसीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के नए विचारों को पेश करने एवं अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान के रूप में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता हैं, जिनके कारण उनके विचारों में सुधार होगा, जिससे वे आगे चलकर भविष्य में इन नवाचार विचारों का उपयोग कर एक अच्छे उद्यमी बन सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की रिसर्च एंड डेवलपमेंट की संयोजक डॉ मालती तिवारी ने नवाचार एवं रिसर्च के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार देवांगन ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व को बताया। साथ ही डेमो डे/आइडिया शोकेस में हम अपने नवाचार, प्रोटोटाइप, पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल, पीपीटी प्रेजेंटेशन को प्रदर्शित कर सकते हैं।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा एआई/एआर/ वीआर / आईवोटी के टूल्स का उपयोग कर पोस्टर एवं मॉडल के सहायता से अपने नवाचार विचारों को प्रदर्शित किया। जिसमें छात्रों द्वारा ऑटोमेटेड डस्टबिन एवं ऑटोमेटेड फीडिंग मशीन को बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन टीकम साहू ने किया। कार्यक्रम को क्वार्टरली एक्विटी के अंतर्गत कराया गया। कार्यक्रम में 25 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष दिलीप बढ़ाई, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे, प्रो.मनबोध चौहान, प्रो.जगदीश सत्यम, डॉ भूपेश पात्रा, रोहिणी देवांगन, चमन साहू एवं समस्त छात्र-छात्राओं में दुष्यंत, प्रांजलि, प्रियंका, प्राची सोनी, विक्की, रुद्र, ऋतिक, हर्षिल, सृष्टि, प्रीति, हितेश, पूनम, रुद्राक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

# करुणा और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे निषादराज : तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नदी चौक में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती शोभायात्रा में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।

एक भक्तिपूर्ण और सामाजिक अनुभव है, जहां भक्त भगवान राम के प्रिय मित्र गुहा निषाद के आदर्शों को याद करते हैं, शोभायात्रा में झांकियां, बैंड और जयकारे होते हैं, और यह समाज को संगठित करने, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि निषादराज महाराज ने हमें समाज के लिए त्याग करने की सीख दी। हम एकजुट होकर देश की तरक्की के लिए कार्य करें। उन्होंने निषाद समाज के लोगों से अपील की कि वह बेटी की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। ऋंगवेरपुर के राजा गुहा थे। इनके पिता का नाम हिरण्यधनु और माता का नाम सुलेखा था, जो निषाद समाज के थे। उन्होंने त्रेतायुग में वनवास काल में भगवान राम, सीता तथा लक्ष्मण को गंगा पार कराई। महाराज गुहा का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी को हुआ था। इसीलिए इस तिथि पर महाराज गुहा की शोभायात्रा निकाली जाती है। महाराज गुहा के चित्र की आरती उतारी गई और मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। शोभायात्रा में निषादराज गुहा, रामचंद्र, महाकाल शिव की बारात की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

# कॉलेज में हुआ वंदे मातरम गान का सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ

- **वंदे मारतम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई**



पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:40 बजे महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के सामूहिक एकत्रीकरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की आत्मा है। इसकी 150वीं वर्षगांठ हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराती है।

कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम पंचायत मचेवा की जनप्रतिनिधि के रूप में सरपंच प्रमिला ध्रुव ने उपस्थित होकर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला है और वंदे मातरम जैसे गीतों से उनमें देशप्रेम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना सुदृढ़ होती है। बी कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा भावना आर्य द्वारा वंदे मातरम के महत्व पर भावपूर्ण संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओंकार साहू सहायक प्राध्यापक (हिंदी) ने किया। अंत में समस्त उपस्थित छात्राओं, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गान किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ मनोज शर्मा, डॉ स्वेतलाना नांगल, अजय श्रीवास, जगदीश खटकर, वंदना यादव, अरविंद साहू, कविता गहीर, खगेश्वर नवरंगे, कार्यालयीन स्टाफ संतराम मन्नाड़े, अश्वनी कुमार लोधी, रामकृष्ण साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, संजय वर्मा, जनभागीदारी शिक्षक पूजा साहू, प्रेरणा कापसे, चमन आडिले, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे व कामिन निषाद मौजूद रहे।

# राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार दस्तावेज सत्यापन 27 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (ए) अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों से संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2025-26 की तैयारी हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 28 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई, जिसकी मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की वर्गवार सूची एवं कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम मुख्यालय इंद्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल क-04 (तृतीय तल) में आयोजित किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 27 जनवरी 2026 तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का 28 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थियों को प्राक्चयन परीक्षा प्रवेश पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक मूल अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अनुपस्थित या अपूर्ण अभिलेख प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय के पश्चात दस्तावेज सत्यापन एवं किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

# बढ़ाईपाली जोन में पांच दिवसीय नवीन पाठ्यपुस्तकों पर शिक्षकों का हुआ एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)



हायर सेकेंडरी बढ़ाईपाली में 12 जनवरी से 16 जनवरी तक नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षकों का उन्मुखीकरण एवं शिक्षक प्रशिक्षण हुआ। प्रथम दिवस का प्रशिक्षण, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ाईपाली के प्रभारी प्राचार्य आरपी साहू, प्रशिक्षकगण डोलामणि साहू, गंगाराम चौहान, क्रांति पाल मंडल, कार्यक्रम समन्वयक मनोज बरिहा, डिगम लाल साहू ने प्रारंभ किया। बीआरजी डोलामणि साहू ने प्रशिक्षण की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में निपुण भारत अभियान अंतर्गत 3 से 9 वर्ष के उम्र तक के बच्चों (कक्षा 3 के अंत तक) को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुण करने के लिए 2026-27 तक का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों का यह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण रखा गया है। प्रशिक्षण सत्र में तीसरे दिन बीआरसी नरेश पटेल ने प्रशिक्षणार्थी साथियों से अपील करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा में बच्चों की नींव मजबूत करने अर्थात एफएलएन में दक्ष करने की महती जिम्मेदारी आप सबकी है।

आपके सद्प्रयास से यही बच्चे कल के भविष्य बनेंगे। इस कार्य में आपका योगदान हमेशा स्मरणीय और अतुलनीय रहेगा। बीआरजी क्रांति पाल मंडल और बीआरजी गंगाराम चौहान ने विभिन्न पद्धतियों गतिविधियों के माध्यम से हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण और कला विषयों के अध्यापन, आकलन के बारे में विस्तृत रूप से बताया। योग शिक्षा विभिन्न कलाओं का हमारे शैक्षिक वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और छात्रों के समग्र विकास की जानकारी दी। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस डीआरजी अशोक पटेल, समन्वयक राजाराम पटेल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विषय के अध्यापन कैसे करें पर अपने व्याख्यान दिए।

# स्कूटी सवार युवकों से ढाई लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




ओडिशा से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे स्कूटी सवार दो युवकों को तुमगांव पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से करीबन ढाई लाख का गांजा बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति जुपिटर स्कूटी बिना नंबर ग्रे सफेद कलर में ओडिशा की ओर से रायपुर की ओर गांजा परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड तुमगांव तिराहा के पास जाकर घेराबंदी की। कुछ समय बाद देखे कि एक बिना नंबर की स्कूटी में दो व्यक्ति सवार होकर तुमगांव तिराहा कि ओर आ रहे, जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। जिस पर वाहन चालक ने अपना नाम योगेंद्र यादव पिता स्व दिलीप यादव (20 वर्ष) ग्राम लखौली वार्ड क्र 07 थाना आरंग जिला रायपुर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सागर धीवर पिता रमेश धीवर (19 वर्ष) लखौली वार्ड क्र 07 थाना आरंग जिला रायपुर होना बताया।

साथ ही उन्होंने ओडिशा के ग्राम नित्यानंदपुर से 05 पैकेट गांजा खरीद कर बिक्री करने लखौली ले जाना बताया। स्कूटी की तलाशी के दौरान डिक्की 4.930 किलोग्राम गांजा कीमत 2, 46, 500 रुपए बरामद किया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से जुपिटर वाहन कीमत करीब 85, 000 रुपए, मोबाइल, नगदी रकम 320 रुपए कुल 3, 36, 820 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 20(बी)(II) (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जर्दायुक्त गुटखा परिवहन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 48 कट्टी गुटखा जब्त

**महासमुंद।** जिले में जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गुटखा जब्त किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी उमेश कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने साइबर सेल टीम के सहयोग से जर्दायुक्त गुटखा के अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान कुल 48 कट्टी जर्दायुक्त गुटखा बरामद किया, जिसे परिवहन के जरिए खपाने की तैयारी की जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई नियमित जांच एवं निगरानी के दौरान की गई। संदिग्ध वाहन/परिवहन की सूचना मिलने पर एफडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां जर्दायुक्त गुटखा बड़ी मात्रा में पाया गया। राज्य में प्रतिबंध के बावजूद गुटखा का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रशासन ने तत्काल जब्ती की कार्रवाई की। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए गुटखा के सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे तथा संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, अवैध व्यापार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया भी जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिले में जर्दायुक्त गुटखा के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर लगातार सख्त निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध गुटखा बिक्री या परिवहन की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने स्व. श्याम सुंदर अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**सेल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के खम्हारडीह स्थित ऐश्वर्या विंड मिल क्षेत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पहुंचे। यहां उन्होंने स्व. श्याम सुंदर अग्रवाल की पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्व. श्याम सुंदर अग्रवाल समाजसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक राजेश मूणत, विधायक सम्पत अग्रवाल, छगन मूंदड़ा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम पड़कीपाली के पास भंवरपुर पुलिस ने एक बाइक सवार से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सेतकुमार खुटे पिता स्व दिलीप सिंह खुटे (40 साल) भंवरपुर के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1600 रुपए और एक बाइक कीमत 20000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरदी जाने वाले मार्ग से पिथौरा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने नरेश मिरी पिता कार्तिकराम मिरी (42 साल) निवासी हरदी थाना पिथौरा जिला महासमुंद, के कब्जे से कुल 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### 40 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम डूमरपाली के परवानी एनीकट के पास पिथौरा पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी उमेश सिदार पिता मोहन सिदार (25 साल) निवासी ग्राम डुमरपाली, छबि सिदार पिता मोहित सिदार (21 साल) निवासी ग्राम डुमरपाली के कब्जे से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया। मामले में आरोपी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# पड़ोसी राज्य के अधिकारियों ने विभिन्न पक्षियों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकासखंड के अंतिम छोर में चित्रोत्पला महानदी के किनारे स्थित गांव-धमनी वन परिसर वन कक्ष क्रमांक 32 एवं 31 महानदी के किनारे वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी देखे गए। प्राकृतिक वातावरण में सुबह के समय पक्षियों की सक्रियता और उनकी विविध प्रजातियों की मौजूदगी ने क्षेत्र की जैव विविधता को दर्शाया।

इस दौरान कैंपिंग व पक्षी अवलोकन गतिविधि में बांदा (उत्तर प्रदेश) से अभिलाष गुप्ता, छत्तीसगढ़ से खेमचंद्र बरैहा, मध्य प्रदेश से खुशी सिंह मरकाम, दंतेवाड़ा से हिमांशी शामिल थे। उनके साथ वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड मनबोधन टंडन, आबिद खान एवं वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव, वीटगार्ड आबीद खान, सुरक्षा श्रमिक नरेश निषाद भी मौजूद थे। प्रतिभागियों ने बताया कि धमनी रेंज का समृद्ध वन क्षेत्र और प्राकृतिक जल स्रोत पक्षियों के लिए अनुकूल आवास प्रदान करते हैं। वन विभाग की देखरेख में किए जा रहे संरक्षण प्रयासों के चलते यहां पक्षियों की संख्या और विविधता में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। यह क्षेत्र वन्यजीव प्रेमियों और शोधकर्ताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है।

### धमनी जंगल में देखे गए विभिन्न प्रजातियों के पक्षी



#### विलुप्त प्रजाति के पंछियों को देखा गया

पक्षी विशेषज्ञों द्वारा 4 किलोमीटर पैदल चलकर अपने विशेष कैमरा मे पछिंओं के उपस्थिति के फोटो खींचे गए जिसमे महानदी किनारे - गाय बगुला, अंधा बगुला, छोटा पनकौवा, किलकिला, छोटी किलकिली, लाल सुर्खाब, टिटहरी, मेवाबटन, अबाबील, चितरोखा फाख्ता, जंगली कौवा, थिरथिरा, खंजन, टुईया तोता, सुनहरा, कटफोड़ा, हरिपत्रिंगा, सलेटी धनेश, गुगला, समोल, हुदहुद, प्रेटिन कोल, ग्रिनिस बाबलर, विदेशी पंछीं देखे गए है, जिसमे कुछ विशिष्ट और विलुप्त प्रजाति के पंछियों को नोटिस किया गया।

## प्रवचन : सिसदेवरी में भागवत कथा की अमृत वर्षा

# कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग ने भक्तों को किया भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर



विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम सिसदेवरी में भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन सरस्वती महिला रामायण मंडली एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में यह आयोजन रखा गया है। कथावाचक पं. योगेश व पारायण कर्ता युवराज शर्मा, कुंदन शर्मा, द्वारा विस्तार पूर्वक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया जा रहा है। कथा 1 से 5 बजे तक आयोजित रहती है, जिसे सुनने गांव सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा का आनंद ले रहे हैं। भगवान कृष्ण और उनके बचपन के मित्र सुदामा की सच्ची दोस्ती, प्रेम और विनम्रता की कहानी है, जो बताती है कि कैसे गरीब ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर कृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं, बिना कुछ मांगे अपने फटेहाल अवस्था में भी कृष्ण से मिलकर धन-धान्य प्राप्त करते हैं, लेकिन फिर भी अपनी सादगी नहीं छोड़ते, और यह कहानी मित्रता के महत्व व भगवान की कृपा को दर्शाती है। बहुत गरीब थे। उनकी पत्नी के कहने पर वे अपने मित्र कृष्ण से मदद मांगने द्वारका जाते है साथ ले जाने के लिए कुछ नहीं था, तो उन्होंने अपनी पत्नी से मिले थोड़े से पोहे कुरकुरे चावल एक कपड़े में बांधकर ले लिए।

द्वारका और कृष्ण से भेंट- द्वारका की भव्यता और कृष्ण के राजसी रूप को देखकर सुदामा दंग रह गए। कृष्ण ने उन्हें पहचान लिया और गले लगाया, जिससे सुदामा की आँखों में आंसू आ गए।सुदामा से छिपाए हुए पोहे मांगे। सुदामा ने हिचकिचाते हुए दिए, लेकिन कृष्ण ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा उपहार मानकर खाया और रुक्मिणी देवी लक्ष्मी के साथ भी बांटे। सुदामा के घर जाने का औचित्य पूछा। सुदामा ने अपनी गरीबी या मदद मांगने की बात नहीं कही, बल्कि कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति बताई। कृष्ण ने बिना मांगे ही सुदामा के घर पर धन-संपत्ति वर्षा कर दी, लेकिन सुदामा ने विलासिता को अस्वीकार कर अपनी विनम्रता बनाए रखी। इस अवसर पर परीक्षित कृष्ण कुमार चंद्राकर, उमाशंकर तिवारी, यशवंत तिवारी चन्द्राकर, राधे चन्द्राकर, मुकेश कुमार, भोजराम चंद्राकर, गणेश्वर चंद्राकर, सनी चंद्राकर, खोवा चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, विश्राम चंद्राकर, गोरख चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, श्रवण चंद्राकर, राजकमल चंद्राकर, पवन चंद्राकर, सहित महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## घर-घर पधार रहे भगवान आदिनाथ, पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों के बीच शुभ प्रवेश का आगाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आगामी पंचकल्याणक महा महोत्सव 28 जनवरी से 2 फरवरी की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ ऋषभदेव प्रभु की राजकुमार स्वरूप प्रतिमा का प्रतिष्ठा पूर्व घर-घर शुभ प्रवेश प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रतिमा का शुभ प्रवेश जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन एवं ममता जैन के निवास पर हुआ।

शुभ प्रवेश अवसर पर संगीत आयोजन एवं मंत्र जाप का आयोजन किया गया। जैन समाज के पंडित धनप्रसाद जैन द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा की स्थापना की गई। उल्लेखनीय है कि यह प्रतिमा नवीन जैन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात स्थायी रूप से विराजमान की जाएगी।

सायंकाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान की आराधना की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नरेश भट्टर, सोमा भट्टर, नलिनकांत बिश्नोई, अर्चना बिश्नोई सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि मंदिर में विराजमान होने से पूर्व भगवान का घर-घर विराजमान होना समाज को जोड़ने वाला तथा श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण है। यह ऐसा दुर्लभ अवसर है, जो समाज के प्रत्येक परिवार को आध्यात्मिक आनंद से जोड़ता है।

इस अवसर पर भगवान के माता-पिता, इंद्रगण, यज्ञ नायक, महायज्ञ नायक, पंचकल्याणक महा महोत्सव के सेवादार, अष्टकुमारियों सहित समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं एवं मातृशक्ति को सविनय आमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्षगण संदीप जैन प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष, सचिव मंडल, मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। भजन संध्या में जैन समाज की भक्ति गायिका नेहा ऋषभ जैन द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में अन्य समाजों के परिवारों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# एसडीएम-तहसीलदार ने निरीक्षण में पकड़ी लापरवाही, 4 चेक पोस्ट प्रभारी नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



जिले में धान खरीदी के दौरान अवैध धान परिवहन एवं बिचौलियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम कसडोल आर आर दुबे एवं तहसीलदार विवेक पटेल ने जांच नाका अवरई एवं कुरकुटी नाका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नाकों पर तैनात कर्मचारियों द्वारा नियमों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है तथा अवैध व्यापार एवं धान की आवक-जावक पर अपेक्षित नियंत्रण नहीं है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मौके पर ही कारण बताओ सूचना जारी करते हुए कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच चौकी प्रभारी अवरई प्रहलाद सिंह कैवर्त्य, जांच चौकी प्रभारी गिधौरी रविशंकर तिवारी, जांच चौकी प्रभारी रिकोकला आकाश पाटले तथा जांच चौकी प्रभारी नरधा–कुरकुटी नाका संजय नेताम को नोटिस जारी किया गया है। सभी संबंधित कर्मचारियों को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान अवैध व्यापार के प्रकरणों एवं धान की आवक पर नियंत्रण से संबंधित विस्तृत जानकारी तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी ने लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पण्डरिया स्थित चेक पोस्ट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान के अवैध परिवहन पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए चेक पोस्टों पर कड़ी निगरानी जारी रहेगी तथा लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोलियारी में मनाया गया शिवरतन शर्मा का जन्म दिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत कोलियारी में भाजपा नेता शिवरतन शर्मा का जन्म दिवस जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल और उनके प्रमुख कार्यकर्ता के मार्गदर्शन में मनाया गया। इसमें आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष शिवरतन शर्मा में ग्राम कोलियारी में उनका गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम में नीलकमल वैष्णव का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि मैं जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं उनके सभी सहयोगियों, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मेरे जन्म दिवस यहां आयोजन रखा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, महामंत्री कृष्णा अवस्थी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, सभापति ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू, जनपद सदस्य राजेश नेताम, सरपंच कर्मदा चंद्रिका वर्मा, रामनाथ सोनी, सरपंच प्रदीप ध्रुव, पार्षद अमितेश नेताम, योगेश वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, मेम सिंग, ओम प्रकाश निर्मलकर, अनीश ताम्रकार, कृष्णा पंडित और आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया शिवरतन शर्मा का जन्मदिवस

**सिमगा।** शिवरतन शर्मा पाटकर समाज भवन पहुंचे, जहां समाज के परस पाटकर आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन कर जन्मदिवस की बधाई दी। पाटकर समाज की मांग पर सामाजिक भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। तत्पश्चात वे सरोपी तालाब स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित रामकथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम हमारे आस्था केन्द्र है, उनकी कथा में



मर्यादा आदर्श सहित कई शिक्षा मिलती है। समय समय पर ऐसे धार्मिक आयोजनों का होना आवश्यक है। वें जैसे जय स्तंभ चौक पहुंचे तो हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए शिवरतन जिंदाबाद के नारे लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवांगन समाज सहित पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने उनका अभिवादन कर जन्मदिवस की बधाई दी। सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में स्थित गौशाला पहुंचकर गौ माताओं को चारा खिलाकर आशीर्वाद ग्रहण किया तथा गौ सेवक युवकों ने उन्हें केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सतनामी समाज कसडोल इकाई की मासिक बैठक मंडवा में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज विकासखंड कसडोल का मासिक बैठक मंडवा धर्मशाला में 17 जनवरी को ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रशेखर सांडे के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें एजेन्डेवार विषयों पर चर्चा परिचर्चा हुई।

समाज में नशा मुक्ति की दिशा में पहल करने की बात कही गई, जिस गांव में समाज के लोगों द्वारा शराब की बिक्री एवं जुआ खेला जा रहा है, वहां पूर्णतः बंद करने, समाज के नये पीढ़ी को बुरी लत से बचाने, जन जागृति लाने अभियान चलाने निर्देशित किया गया। छोटी-छोटी विषयों में थाना पुलिस की मामले समाज में ही निपटाने की बात कही गई। कुछ लोग प्रलोभन एवं बहकावे में आकर दूसरे धर्मों के गतिविधियों में संलिप्त रहने की भी जानकारी मिली है, जिसे चिन्हांकित कर समझाइश देने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने कार्यकारिणी के सदस्यों को जागरूक होकर कार्य करते रहने एवं बैठकों में नियमित रूप से शामिल रहने की समझाइश दिये। मौके पर अध्यक्ष चन्द्रशेखर सांडे, संरक्षक राज महंत पी के घृतलहरे, सचिव चिरंजीव मनहर, कोषाध्यक्ष नकुल बांधे, प्रवक्ता विनोद कुमार चेलक, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पी के सोनवानी, गौलोचन भारती, घनश्याम बारले, विरेन्द्र कुमार चेलक, समारू लाल बंजारे, पार्षद राहुल बारले, मोहन पुरेना, जयवर्धन राय आदि सहित सामाजिक लोग शामिल रहे।

# आनंद मेले में छात्रों ने लगाये विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरवाड़ीह कला में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाकर आनंद मेला का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरपी दास, सहायक शिक्षा अधिकारी एल के जाहीरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर, हिमाचल चौबे, नेमचंद धीवर, नंदनी खिचरिया, हेमंत बघेल, शिवप्रसाद वर्मा, सरपंच चित्ररेखा बंजारे, सेतकुमार बंजारे, एसएमसी अध्यक्ष भगत राम निषाद एवं चैन सिंह ध्रुव उपस्थित रहे।





आनंद मेला के गवर्नर दिनेश कुमार वर्मा प्रधान पाठक एवं कैशियर चित्ररेखा वर्मा प्रधान पाठक एवं ज्योति वर्मा थे। आनंद मेला में विभिन्न प्रकार के स्टॉल, रसभरी जलेबी, नड्डा सेंटर, चना चरपटी, हेल्दी फूड, सब्जी अंडा रोल, छोले भटूरे, स्टॉल लगाए गए। भरुवाडीह खुर्द के स्कूली बच्चों ने बाजे गाजे के साथ मड़ई लेकर आनंद मेला में पधारे थे। संकुल परिवार की ओर से आगंतुक अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। प्रधान पाठक दिनेश वर्मा ने कहा इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में सामुदायिक सहभागिता भाईचारा और रोजगार के प्रति कौशल विकास होता है और बच्चों में रोजगार के प्रति रुचि जागृत होती है। इस मेले को शानदार बनाने के लिए प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक के शिक्षकों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## पेज 11 के शेष

### मुड़पार पंचायत में...

लिखित शिकायत में बताया गया है कि ग्राम संडी मुड़पार में निर्मित 12 दुकानों (कॉम्प्लेक्स) से प्रति माह कुल 25 हजार किराया वसूला जा रहा था। बीते 8 माह में कुल 1.50 लाख की राशि वसूली गई, तो इसकी रसीद काटी तो गई और न ही पंचायत खाते में जमा किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2025-26 की बाजार नीलामी से प्राप्त 3.22 लाख की राशि भी पंचायत खाते में जमा नहीं की गई। इस तरह कॉम्प्लेक्स किराया एवं बाजार नीलामी से प्राप्त कुल 4.72 लाख के आय-व्यय की जानकारी आज तक ग्राम सभा की बैठक में प्रस्तुत नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि उक्त राशि का गबन कर शासकीय धन का दुरुपयोग किया गया है, जिससे पंचायत के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। आवेदन में सचिव, उपसचिव एवं पंचों सहित संबंधित जिम्मेदारों से जानकारी लेने एवं पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी।

### पति की प्रताड़ना...

पैसा मांगते हुए गाली गुप्तार कर लड़ाई झगड़ा किया जाता था। उक्त प्रताड़ना एवं प्रतिदिन की लड़ाई झगड़ा से तंग आकर 4 दिसम्बर को दोपहर में मृतिका द्वारा घर के कमरा अंदर स्वयं की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा मर्ग जांच कार्रवाई के दौरान मृतिका के माता-पिता, परिजनों एवं ग्राम बिटकुली में पड़ोसियों से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें पति दीपक ध्रुव द्वारा शराब पीकर लगातार अपनी पत्नी को लड़ाई झगड़ा एवं गाली गुप्तार करना बताया गया, जिसे क्षुब्ध होकर मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रकरण में अपराध सबूत पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को 16 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
16 जनवरी 2026
SHOW TIME
मानव मार्केट
शो समय - 12:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# मूक माटी एक्सप्रेस का रायपुर से हुआ शुभारंभ, जैन समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महाराज की कृति मूकमाटी के नाम से रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस किया गया, जिसका विधिवत शुभारंभ प्लेटफार्म नंबर 7 रायपुर से छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री गृहमंत्री विजय शर्मा एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी, रायपुर वाणिज्य रेल प्रबंधक अवधेश त्रिपाठी राकेश सिंह, सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन, नरेंद्र गुरु कृपा, अनेक अधिकारी एवं सैकड़ों जैन समाज के प्रबुद्धजनों के बीच इस ट्रेन का नाम परिवर्तन कर परिचालन प्रारंभ किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर की ओर से विजय शर्मा एवं अवधेश सिंह, राकेश सिंह का सम्मान किया गया। आज की ट्रेन प्रारंभ होने के पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित अजीत शास्त्री ने मंत्रोचार के साथ ट्रेन की पूजा की। कार्यक्रम सफल संचालन डी आर यू सीसी मेंबर लोकेश चंद्रकांत जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख नरेंद्र गुरु कृपाजी, प्रदीप विश्व परिवार जी, समस्त रायपुर के सभी मंदिरों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी डी आर यू सी सी मेंबर लोकेश चंद्रकांत जी, अनिल जैन भाटापारा वाले, यशवंत जैन, अरविंद पहाड़िया, मनीष जैन एवं सैकड़ों महानुभाव की उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर के रायपुर से रवाना किया गया।

## रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी का नाम बदला, अब कहलाएगी मूकमाटी एक्सप्रेस



### आचार्य विद्यासागर महाराज के अंतिम तप का सौभाग्य डोंगरगढ़ को मिल

विजय शर्मा ने कहा आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने जीवन काल में अनेक कार्य किया, परंतु अपने शरीर को त्यागने का अंतिम कार्य का लाभ छत्तीसगढ़ की पावन भूमि मां बमलेश्वरी की भूमि डोंगरगढ़ को प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जो की लगातार गुरुदेव के संपर्क में रहते थे। आज छत्तीसगढ़ से इस ट्रेन का शुभारंभ करके हम छत्तीसगढ़वासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रकाश मोदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज ने अवधेश सीनियर डीसीएम का सम्मान किया। राकेश सिंह का भी सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**बलौदाबाजार।** सतनामी एवं उत्थान जागृति समिति द्वारा इस वर्ष भी सतनामी समाज के विवाह योग्य एवं युवक- युवतियों का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, विशेष अतिथि जय बहादुर बंजारे प्रदेश अध्यक्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर, प्रमोद शर्मा प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, विशिष्ट अतिथि अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष बलौदा बाजार, आकांक्षा गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, सुश्री इंदु जांगड़े जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार, चरणदास तेहरवंश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बलौदाबाजार होंगे। कार्यक्रम में विधवा, विधुर परित्यगता और तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं सम्मेलन स्थान पर पंजीयन की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है। सम्मेलन सुबह 10 से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा।

### कनौजे धोबी समाज केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक सिरपुर में आज

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ कन्नौजे धोबी समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर प्राचीन नगरी सिरपुर में 18 जनवरी रविवार को सुबह 10.30 से 4.30 बजे तक रखी गई है। केंद्रीय कार्यकारिणी में बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कन्नौजे करेंगे। वहीं संरक्षक विजय कन्नौजे, सचिव भुवन कन्नौजे, रायपुर राजप्रधान गोवर्धन कनौजे, सिरपुर राजप्रधान रोहित कनौजे, खल्लारी राजप्रधान तुलाराम कनौजे, लवन राजप्रधान चेतन कनौजे सहित समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। वार्षिक महाधिवेशन बैठक के सम्बन्ध में चर्चा मंदिर जीर्णोद्धार की समीक्षा एवं 23 फरवरी को रायपुर में आयोजित होने वाले धोबी समाज मड़ई मेला एवं संत गाडगे जयंती महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा सहित अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी।

### परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक आज

**मुंडा।** मुंडा के मेन रोड बाजार चौक के सामाजिक भवन में छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की सामाजिक बैठक आज रखी गई है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने समाज के लोगों से अधिक संख्या में शामिल होने की आग्रह किया है।

## आयोजन : जिले के 130 नि:शक्त बच्चों ने लिया हिस्सा

# नि:शक्त बच्चों के लिए जिला स्तर पर हुआ विभिन्न खेलकूद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी कलेक्टर के दिशा-निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट, खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन मनोविकास केन्द्र कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम में कुल 130 प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में अस्थि बाधित ताकेश्वरी साहू प्रथम एवं संध्या द्वितीय, अल्प दृष्टिबाधित में सानिया यादव प्रथम एवं लता कंवर द्वितीय, श्रवण बाधित में दिप्ती देवांगन प्रथम एवं तुषार कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अस्थि बाधित 50 मीटर दौड़ में प्रथम ताकेश्वरी साहू प्रथम एवं दिव्यांक ध्रुव द्वितीय, श्रवण बाधित में दिप्ती देवांगन प्रथम एवं सानिया द्वितीय स्थान, माध्यमिक स्तर में उत्तरा प्रथम एवं दामिनी द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार प्रारंभिक स्तर जलेबी दौड़ बालक में खिलेश सेन प्रथम एवं हुसैन साहू द्वितीय स्थान तथा बालिका में ताकेश्वरी साहू प्रथम एवं दिव्यांका ध्रुव द्वितीय स्थान पर रहीं। माध्यमिक स्तर बालक में तुषार प्रथम एवं प्रीतम द्वितीय स्थान। बालिका वर्ग में किरण प्रथम एवं छाया द्वितीय स्थान पर रहीं। मटका फोड़ में सानिया प्रथम एवं मुस्कान पटेल द्वितीय स्थान पर रहीं। थ्रो बॉल मानसिक बाधित में भाव्या प्रथम एवं अर्चना टंडन द्वितीय स्थान पर रहीं। मिश्रित मोती अलग करने में अमीता प्रथम एवं संस्कृति द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके आलावा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा, बीईओ राजेन्द्र टण्डन, दिव्यांग बच्चों के 20 पालकों के साथ मनोविकास केन्द्र के प्रभारी एवं नोडल अधिकारी सहित 4 बीआरपी, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट, 2 मास्टर ट्रेनर्स, जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम, 3 पीटीआई, सहायक कार्यक्रम समन्वयक खिलावन वर्मा, मनहरण लाल साहू, जहीर अब्बास, पीएमयू केशव चन्द्रा, योगेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# जल है तो कल है, जागरूकता के लिए जल संरक्षण निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ टीपावन में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

रजत जयंती वर्ष 2025–26 पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पलारी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत टीपावन के हाई स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के साथ जल संरक्षण रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को जल के महत्व से अवगत कराना तथा भविष्य में जल संकट से बचाव हेतु व्यावहारिक उपायों की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जल संरक्षण से संबंधित संदेशों की तख्तियां लेकर रैली निकाली और जल है तो कल है, आज बचाएंगे जल, तभी बचेगा कल जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जल के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भू-जल स्तर संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं जल के अपव्यय को रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वर्षा जल संग्रहण, घर-घर जल बचत, पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा तथा सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में जल बचाने की आदतें अपनाने एवं परिवार व समाज में जल संरक्षण का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक मनोज कुमार राठौर, राजकुमार कोसले,प्राचार्य रामकुमारी पटेल, संकुल केंद्र समन्वयक कृष्ण कुमार फेकर सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# लोटस स्कूल में मना वार्षिक उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में संचालित लोटस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया।

इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के निज सचिव तुलसीराम कौशिक व भाजपा जिला अध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ ज्योति पटेल के साथ पूर्व अध्यक्ष सुभाष जलन व नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे एवं पार्षदगण अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से स्वागत गीत के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें के जी 1 से कक्षा 12 वीं तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, राजस्थानी नृत्य, पंजाबी नित्य के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने फिल्मी गानों में भी सुंदर प्रस्तुति दी. यह कार्यक्रम रात 12 बजे तक चला, जिसमें बच्चों के पलकगण अन्य जनप्रतिनिधि के साथ दर्शकों ने ठंड में भी देर रात्रि तक कार्यक्रम का मजा लिया ।

# प्रशिक्षण में शिक्षकों ने भाषाई और गणितीय कौशल की बारीकियां समझी

**खरोरा।** मांठ जोन में पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण 12 से 16 जनवरी तक नवीन प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती मांठ में संपन्न हुआ। सभी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने भाषाई एवं गणितीय कौशल की बारीकियों को समझा एवं बच्चों को कक्षा अनुरूप लाने विषय वस्तु के प्रति कैसे बच्चों में रोचकता पैदा करें और साथ ही बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए मनोरंजात्मक ढंग से कैसे प्रयास किया जाए। साथ ही बच्चों में कक्षा अनुरूप गणित एवं भाषा कौशल को कैसे विकसित किया जाए, इसे सारगर्भित ढंग से जाना। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर झालाराम वर्मा, कैलाश बघेल एवं नारायण प्रसाद देवांगन तथा मांठ जोन में सम्मिलित समस्त स्कूलों के समन्वयक उपस्थित थे। द्वितीय चरण के समापन पर सभी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों द्वारा तीनों मास्टर ट्रेनर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एवं मांठ प्रशिक्षण जोन के संस्था प्रमुख वीर कुमार वर्मा का मोमेंटो एवं कलम देकर सम्मानित किया गया।



# नगर में 19 जनवरी से श्री हनुमत महायज्ञ धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कृपा से बलौदाबाजार की पावन भूमि पर विश्व कल्याण एवं धर्म रक्षा के उद्देश्य से श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ 19 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक दशहरा मैदान स्थित यज्ञ परिसर में संपन्न होगा। आयोजन धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जन सेवा समिति तथा समस्त नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के धर्मानुरागी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

आयोजन का शुभारंभ माघ शुक्ल 1, सोमवार 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा एवं भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी के साथ होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक दीपक केशरवानी (भाटापारा) के मधुर भजनों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। इसी दिन संध्या 5 बजे छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा यज्ञ परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया जाएगा, जिसे यज्ञ समिति एवं नगरवासियों को धार्मिक अनुष्ठानों के उपयोग हेतु समर्पित किया जाएगा। महायज्ञ प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न होगा। वहीं प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में 19 जनवरी को कलश यात्रा एवं संध्या कालीन महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण, 20 जनवरी को संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति रावन, 21 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध हरे राम हरे कृष्णा नृत्य-संगीत प्रस्तुति श्रीलंका की प्रस्तोता डॉ. अंजली मिश्रा, 22 जनवरी को वनवासी राम नाट्य प्रस्तुति छत्तीसगढ़ गौरव डॉ. ललित ठाकुर, पद्मभूषण, 23 जनवरी को दीपक केशरवानी की भजन संध्या, 24 जनवरी को राजनांदगांव की सांस्कृतिक प्रस्तुति धरोहर, 25 जनवरी को पंचमुखी हनुमान समिति भाटापारा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, 26 जनवरी को सरगम म्यूजिकल्स रायपुर की भजन संध्या आयोजित होगा। इसी क्रम में 27 व 28 जनवरी को पं. प्रमोद शास्त्री बेमेतरा द्वारा श्री हनुमत कथा मानस का वाचन किया जाएगा। महायज्ञ का समापन 29 जनवरी को पूर्णाहुति, संगीतमय कलश विसर्जन, दीपक केशरवानी के भजनों एवं महाप्रसादी वितरण के साथ होगा।

# धूमधाम से मनाई गई भक्तराज गुहा निषाद जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भक्तराज गुहा निषाद जयंती शुक्रवार को नगर में हर्षोल्लास से मनायी गई। इस दिन सिमगा निषाद समाज द्वारा सामाजिक भवन में सुबह भगवान सत्यनारायण कथा पूजा की गई। तत्पश्चात शाम को शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों गुजरी, जिसमें समाज के नवयुवक डीजे के भक्तिमय गीतों पर थिरकते नजर आए। शोभायात्रा के दौरान जय जय श्री राम का जयघोष गूंजता रहा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शोभायात्रा में हुए शामिल हुए तथा सामाजिक लोगों को गुहा निषाद जयंती की बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल पांडेय, नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, महामंत्री छोटू यादव, राहुल योगेश साहू, अभिजीत अवस्थी, सूर्यकांत ताम्रकार, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षद सचिन जैन, विष्णु जायसवाल, मुकुंद रजक, टैबू देवांगन, पीताम्बर सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी, माया सलूजा, मनोहर पंजवानी, परस पाटकर, करण भाटिया, राज भाटिया, रोहित साहू, सहित निषाद समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं समीपस्थ ग्राम पंचायत कचलोन में भी बड़े ही उत्साह के साथ भक्तराज गुहा निषाद जयंती मनायी गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)